Seventeenth Loksabha

an>

Title:Demand to open sainik school in Shahdol Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल): धन्यवाद सभापति महोदय। मेरा संसदीय क्षेत्र शहडोल मध्य प्रदेश का एक जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमें शहडोल, अनूपपुर, उमरिया जिला सहित कटनी जिले का बदवारा क्षेत्र भी शामिल है। मेरे क्षेत्र में युवा सेना में जाने की रुचि रखते हैं, किन्तु सुविधाओं के अभाव में युवाओं का यह सपना पूरा नहीं हो पाता है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को भी धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने बजट में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा की। मैं आपके माध्यम से सरकार से और माननीय वित्त मंत्री जी से यह आग्रह करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल प्रारम्भ किया जाए, जिससे कि मेरे संसदीय क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्राप्त हो। धन्यवाद।

माननीय सभापति: श्री सुनील बाबूराव मेंढे- उपस्थित नहीं।

श्री कीर्तिवर्धन सिंह